Chapte Chapte

Kesh King\'s new TVC

Date: 16/03/2016 | Edition: Kolkata | Page: 3 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 9 H: 10

केश किंग का पहला ब्रांड प्रचार

कोलकाता, 15 मार्च। देश की लोकप्रिय आयुर्वेदिक हेयर केयर ब्रांड ने अपने पहले वाणिज्यिक प्रचार में निदेशक इम्तियाज अली और अभिनेत्री हुमा केरैशी को शामिल कर लिया है। इस मौके पर इमामी लिमिटेड की निदेशक सुश्री प्रीति ए सुरेका ने कहा कि अभी तक केश किंग केवल उत्पाद से होनेवाले लाभ से ही फोकस करता था। इमामी द्वारा अधिग्रहण करने के बाद इसपर उपभोक्ताओं के बीच समीक्षा कर देखा गया कि भारतीय महिलाओं में बालों का झड़ना, टूटना और रुखे बालों का कारण उनके दैनिक जीवन में तनाव, खान पान और प्रदूषण आदि है। हम इसी समीक्षा को अपने विज्ञापन में दिखाते हुए बतायेंगे कि केश किंग उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए उनका खोया हुआ आत्मविश्वास और उल्लास वापस लौटाएगा। विज्ञापन में दिखाया गया है कि हुमा एक आम गृहणी है और वह अपने पति से अपनी बालों को लेकर शिकायत करती है। इसके बाद उसका पति उसे केश किंग देता है और यह उसकी समस्या का समाधान कर देता है।